भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2346

जिसका उत्तर 09.08.2023 को दिया जाना है

गुलबर्गा बाईपास की स्थिति

2346. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुलबर्गा बाइपास सड़क का प्रस्ताव इसे नई राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या देने के चरण में पहुंच गया है और यह मंत्रालय के समक्ष पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) गुलबर्गा बाईपास सड़क की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है और सड़क परियोजना को स्वीकृति देने में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) गुलबर्गा बाइपास सड़क परियोजना की स्वीकृति और उसे पूरा करने की वर्तमान समय-सीमा का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से घ) मंत्रालय ने पहले ही गुलबर्गा शहर को बाईपास करते हुए और तीन राष्ट्रीय राजमार्गों अर्थात् रारा-150 ई, रारा-150 और रारा-50 को काटते हुए एक रिंग रोड का निर्माण किया है। कर्नाटक राज्य सरकार ने गुलबर्गा के चारों ओर बाहरी रिंग रोड के ग्रीन फील्ड संरेखण को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का भी अनुरोध किया था। मंत्रालय को राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित/स्तरोन्नयन करने के लिए कर्नाटक राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों आदि से प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। मंत्रालय सड़क संपर्कता की आवश्यकताओं, पारस्परिक प्राथमिकता, यातायात स्तरों और निधियों की उपलब्धता के आधार पर समय-समय पर कुछ राज्यीय सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने पर विचार करता है।

****